ITI LIMITED
(A Government of India Undertaking)

10 सितम्बर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

आईटीआई लिमिटेड को बिहार में सोलर स्ट्रीट लाइट प्रणाली के लिए 300 करोड़ रुपए मूल्य का आर्डर प्राप्त हुआ

बेंगलूरु / नैनी : आईटीआई लिमिटेड, स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश के प्रथम सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम तथा प्रमुख दूरसंचार विनिर्माण कंपनी को **बिहार रिन्प्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट अथारिटी (बीआरईडीए) से** बिहार राज्य सरकार को 1,00,000 सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम्स की आपूर्ति एवं संस्थापन के लिए लगभग **300 करोड़ रुपए** मूल्य का आर्डर प्राप्त हुआ है। यह आर्डर कंपनी द्वारा वर्तमान में बीआरईडीए के लिए बिहार राज्य के लिए निष्पादित की जा रही 80,000 सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम्स के आर्डर के अलावा है।

आईटीआई लिमिटेड के नैनी संयंत्र में पिछले छह वर्षों से सोलर पैनलों का विनिर्माण किया जा रहा है तथा इसे **''मुख्य मंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना''** के अंतर्गत 1,00,000 सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम्स की आपूर्ति एवं संस्थापन के लिए लगभग **300 करोड़ रुपए** मूल्य का आर्डर प्राप्त हुआ है। इस आर्डर के अंतर्गत कवर किए जाने वाले जिले गोपालगंज, सिवान, समस्तीपुर, पूर्णिया, अरारिया, गया, दरभंगा, पटना, कटिहार, तथा खागरिया हैं।

ऊपर उल्लिखित सिस्टम्स का संस्थापना बिहार रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट अथारिटी (बीआरईडीए) के सुपरवीजन में किया जाना है तथा सोलर स्ट्रीटलाइट सिस्टम्स के प्रमुख घटक सोलर पीवी

माड्यूल, सोलर बैटरियां, एलईडी ल्युमिनरिज, माउंटिंग स्ट्रक्चर तथा बैलेंस आफ सिस्टम (बीओएस) हैं।

*इस कार्य में भागीदारी के बारे में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए **आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजेश राय** ने यह कहा कि "आईटीआई लिमिटेड को बिहार सरकार की बीआरईडीए के साथ एक बार फिर से साझेदारी करके संवहनीय सौर ऊर्जा के साथ स्ट्रीट लाइट्स उपलब्ध करवाने का खुशमय अवसर प्राप्त हुआ है। इससे मुझे वास्तव में अत्यंत संतोष मिला है कि बिहार सरकार ने मुड़कर आईटीआई के विकास कार्यों की क्षमता के प्रति अपने विश्वास की अभिव्यक्ति की है। हमारी टीम उत्कृष्ट उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करने की दिशा में कड़ी मेहनत कर रही है, जिसमें मुझे यह पूरा विश्वास है कि हम इस गौरवमयी परियोजना का सम्पादन भी अपने ग्राहक की सभी अपेक्षाओं के अनुसार करने में सफल होंगे। इस एक अतिरिक्त आर्डर के साथ, हम आईटीआई को अपने हरित भविष्य के लिए एक विश्वसनीय सौर प्रणाली प्रदात्ता का स्थान दिलवाने में सफल हुए हैं।" **श्री राय** ने आगे यह कहा कि "आईटीआई लिमिटेड ने अब शहरों और साथ ही ग्रामों के आंतरिक क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट सिस्टम्स की आपूर्ति एवं संस्थापन के कौशल का एक विश्वसनीय अनुभव संजो लिया है।"*

हाल ही में, आईटीआई लिमिटेड को **पश्चिम बंगाल के राज्य चुनाव आयोग (एसईसी)** से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की आपूर्ति के लिए प्रथम **इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)** आर्डर प्राप्त हुआ है, इस आर्डर की प्राप्ति से पूर्व कोलकाता में राज्य चुनाव आयोग के सम्मुख सफल डेमो प्रस्तुत किया गया था।

आईटीआई लिमिटेड के बारे में

आईटीआई लिमिटेड देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनी है तथा यह दूरसंचार सेक्टर के लिए समग्र समाधान प्रदान करने वाला विविध यूनिटों से युक्त सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। कंपनी की छह स्थलों (बंगलूरु, नैनी, रायबरेली, मनकापुर, श्रीनगर तथा पालक्काड) में नवीनतम प्रौद्योगिकी से युक्त विनिर्माण सुविधाएं स्थापित हैं।

कंपनी स्विचिंग, ट्रांसमिशन एवं एस्सेस सब्सक्राइबर स्थल पर उपकरण सहित सम्पूर्ण रेंज के दूरसंचार उत्पादों के लिए सेवाएं प्रदान कर रही है। इसके अलावा, कंपनी द्वारा अद्यतन दूरसंचार समाधान एवं विविध व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप सेवाएं प्रदान की जाती हैं। उपकरण के संस्थापन तथा कमीशनिंग के लिए तथा टर्नकी परियोजनाओं के निर्वाह के लिए आईटीआई लिमिटेड की एक समर्पित नेटवर्क सिस्टम यूनिट (एनएसयू) है। आईटीआई लिमिटेड द्वारा रक्षा एवं रेलवे सेक्टरों के लिए विविधता युक्त उत्पादों के निर्माण तथा सौर उपकरणों, एनजीएन उत्पादों जीपॉन, एलईडी लाइटिंग सिस्टम्स, ऑप्टिकल उत्पादों और साथ ही एचडीपीई, ओएफसी, स्मार्ट कार्ड्स, रक्षा के लिए एनक्रिप्टर्स, वाई-फाई आदि जैसे अन्य सहायक उत्पादों के विनिर्माण की ओर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। प्रतिस्पर्धा में अग्रणी रहने के लिए कंपनी रक्षा, आईओटी, ई-गवर्नेंस, सूचना प्रौद्योगिकी उत्पादों एवं सेवा सेक्टर की विविधताओं का समेकन भी कर रही है। कंपनी द्वारा बेंगलूरु में नवीनतम प्रौद्योगिकी से युक्त एक डेटा सेन्टर का संचालन भी किया जा रहा है तथा सरकारी संस्थानों/ विभागों, बैंको को सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.itiltd.in पर विजिट करें।

***